हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 27 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

12 सीआरएसयू में श्रद्धा के साथ मनाया कारगिल...



11 गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर वाराणसी से...



## प्रतिबंध के बाद भी बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा मौत का चाइनिज मांझा

- सड़क पर अचानक गर्दन या चेहरे से टकराने वाली मांझा डोर गहरे घाव कर देती है
- अचानक राहगीरों की जान के लाले पड़ जाते हैं

सूरज सहारण ▶▶| कैथल



प्रतिबंध के बावजूद बाजारों में खुलेआम बिक रही चाइनीज मांझा डोर युवाओं और आम लोगों की जान पर भारी पड़ रही है।

जिला प्रशासन की ओर से हर वर्ष मांझा डोर की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर इन आदेशों का असर दिखाई नहीं देता। परिणामस्वरूप वर्ष 2025 के दौरान जिले में करीब आधा दर्जन युवक और राहगीर मांझा डोर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक खतरा रहता है। सड़क पर अचानक गर्दन या चेहरे से टकराने वाली मांझा डोर गहरे घाव कर देती है। कई मामलों में पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह डोर कांच और रासायनिक पदार्थों से तैयार की जाती है, जिससे इसका धारदार प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

### कई युवक हो चुके हैं घायल

- प्रतिबंध के बावजूद बाजारों में धड़ल्ले से बिक रही खतरनाक डोर
- 2025 के दौरान जिले में करीब आधा दर्जन युवक और राहगीर मांझा डोर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो चुके

### आदेशों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई



जिलाधीश एवं डीसी अपराजिता ने कहा कि चाइनीज मांझा, नायलॉन तथा किसी भी प्रकार के सिंथेटिक धागे की बिक्री, भंडारण और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं और 30 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि जिला प्रशासन समय-समय पर प्रतिबंध संबंधी आदेश जारी करता है और पुलिस व संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश भी दिए जाते हैं, लेकिन बाजारों में स्थिति इसके विपरीत नजर आती है। शहर के कई क्षेत्रों में दुकानों पर मांझा डोर आसानी से उपलब्ध है। दुकानदार इसे सामान्य पतंग की डोर बताकर बेच रहे हैं, जबकि प्रशासन की ओर से प्रभावी जांच अभियान नहीं चलाए जाने के कारण नियम केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाए। अवैध रूप से मांझा डोर बेचने वालों के खिलाफ नियमित अभियान चलाकर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह खतरनाक डोर आने वाले समय में और अधिक लोगों की जान और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

## खबर संक्षेप

### हमला कर दो भाइयों को किया घायल, नौ पर केस

**जींद।** गांव मुआना में रंजिशन रास्ता रोक दो भाइयों पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सिवानामाल निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही सतपाल परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते सतपाल परिवार ने उसे तथा उसके भाई को रास्ते में घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें दोनों भाइयो को काफी चोटें आई हैं। सदर थाना सफीदों पुलिस ने अशोक की शिकायत पर सतपाल, कृष्ण, राजीव, उसकी पत्नी को नामजद कर पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कहासुनी के चलते की मारपीट, चार नामजद

**जींद।** गांव ढाठरथ में कहासुनी के चलते हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाठरथ निवासी विद्यानंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दयानंद परिवार से कहासुनी हो गई। उसी कहासुनी के चलते दयानंद परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दयानंद, कमलेश, यश, रामनिवास के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विधवा से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास

**कैथल।** चीका क्षेत्र एक डेरे में रहने वाली 45 साल की विधवा महिला से छेड़छाड़ और जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया गया। महिला ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर पिछले तीन महीने से पीछा करने, अश्लील इशारे करने, घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने और बदनाम करने के आरोप लगाए हैं। शिकायत पर चीका पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले वह किसी काम से पास के गांव में गई थी। वहां भी आरोपी उसका पीछा करता रहा। बाद में जब वह घर लौटी तो आरोपी उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि उसने जबरन अवैध संबंध बनाने का प्रयास किया। महिला के विरोध और शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

### गाड़ी का शीशा तोड़ म्यूजिक सिस्टम चोरी

**जींद।** सैक्टर 11 में बीती रात चोरों ने मकान के बाहर खड़ी का शीशा तोड़ कर म्यूजिक सिस्टम, गेयर नौब व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव मलार निवासी साहब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने सैक्टर 11 स्थित मकान के बाहर गाडी को खड़ा किया हुआ था। बीती रात चोरों ने गाड़ी का शीशा तोड़ कर म्यूजिक सिस्टम, गेयर नौब व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### रंजिश में युवक पर धारदार हथियार से किया हमला

**जींद।** गांव बेलरखां के निकट पुरानी रंजिश के चलते युवक पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल करने पर पुलिस ने छह युवकों को नामजद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी सौरभ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2025 में उसके दोस्त लव नैन का गांव उझाना निवासी अंकित गिल व उसके दोस्तों से कालेज में झगड़ा हो गया था। उस दौरान वह जर्मनी में था। देश लौटने के बाद वह सैल्फ टैक्सी चलाने लगा।

## मुख्यमंत्री के सोमवार को प्रस्तावित दौरे को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट

# पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल हेलीपैड व मंदिर परिसर को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव उझाना में मुख्यमंत्री नायब सैनी के सोमवार के प्रस्तावित दौरे के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने रविवार को कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, मंदिर परिसर तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का बारीकी से जायजा लेकर सुरक्षा प्रबंधों का आंकलन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि गांव उझाना में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल होना प्रस्तावित है। यह आठमान विशाल भंडारा होगा, जो 26 व 27 जुलाई दोनों दिन चलेगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की मौजूदगी में 27 जुलाई सोमवार को पूर्णाहुति होगी और श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।



जींद। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जायजा लेते हुए एसपी कुलदीप सिंह।

कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आमजन की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, अनुशासन और समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना जींद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करे तथा सुरक्षा संबंधी प्रत्येक बिंदु पर विशेष ध्यान दिया जाए। यातायात व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग, वीआईपी सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं को समय रहते अंतिम रूप दिया जाए तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जींद संदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक जींद रिषभ सोढ़ी आदि रहे।



जींद। राज्य सभा सांसद सुभाष बराला बाबा व खाक नाथ डेरा के महंत।

### राज्यसभा सांसद ने भी देखी सुरक्षा-व्यवस्था

**नरवाना।** राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को गांव उझाना का दौरा कर 27 जुलाई को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभा स्थल, हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यसभा सांसद ने कहा कि उझाना में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम आध्यात्मिक, सामाजिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने गांव उझाना सहित आसपास के गांवों के लोगों एवं आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम के लिए किए गए प्रबंध प्रशंसनीय हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आयोजन श्रद्धालुओं और आमजन के लिए यादगार साबित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करने के साथ-साथ श्रीश्री 1008 सिद्ध बाबा खाकनाथ जी के पावन धाम में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेंगे। वे भंडारे में भी शिरकत करेंगे, अग्नि हवन में आहुति अर्पित करेंगे तथा भगवा ध्वजारोहण कर श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेलीपैड पर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज. कैथल

कैथल के गांव बरटा के पास जम्मू-कटरा हाईवे पर 8 दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कलायत के 28 वर्षीय संजीव कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पहले कैथल के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे पटियाला के राजेंद्र अस्पताल रेफर किया गया था। उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि यह हादसा आठ दिन पहले गांव बरटा के पास जम्मू-कटरा हाईवे पर हुआ था। कलायत के श्रद्धालु नकोदर (पंजाब) से पूजा-अर्चना कर कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर चढ़ रही एक दूसरी कार उनकी कार से टकरा गई। टक्कर के बाद श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा भिड़ी, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कलायत की करीब 50 वर्षीय निशा गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई थी।



संजीव कुमार की फाइल।

## हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना सफीदों पुलिस ने गत 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद आगमन के दौरान युवक की हत्या करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

सदर थाना सफीदों प्रभारी राजेश कुमार ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव हाट निवासी रेखा ने 17 जुलाई को पुलिस को दी शिकातय में बताया था कि उसका भाई 32 वर्षीय गुरुदत्त उर्फ कल्लू भवन निर्माण सामग्री बेचने का काम करता था। रोजाना की तरह 17 जुलाई को भी वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव का ही चक्रवर्ती अपने अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आया और रंजिश के चलते फायररिंग शुरू कर दी। जिसमें उसका भाई घायल हो गया। आरोपित वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया।

## बर्तन बेचने के बहाने अज्ञात महिला ने झांसे में लेकर लाखों का सोना ठगा

**कैथल।** सीवन में बर्तन बेचने के बहाने आई एक अज्ञात महिला ने तीन दिन तक विश्वास जीतकर 7 महिलाओं से करीब 5.2 तोला सोना और 72 तोला चांदी ठग ली। महिला पहले पुराने बर्तनों के बदले नए बर्तन देती रही, फिर चांदी और बाद में सोने के गहने लेकर फरार हो गई।

सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में संतोष निवासी सीवन ने बताया कि 21 जुलाई को एक महिला बर्तन बेचने के बहाने उनके घर आई। उसने आसपास की कई महिलाओं को भी बुला लिया और पुराने बर्तनों के बदले नए बर्तन देने का लालच दिया। महिलाओं ने पुराने बर्तन देकर नए बर्तन ले लिए, जिससे महिला पर उनका भरोसा बन गया। अगले दिन 22 जुलाई को वही महिला दोबारा पहुंची और कहा कि यदि चांदी के गहने दिए जाएं तो उनके बदले बर्तन भी दिए जाएंगे। महिला की बातों में आकर कई महिलाओं ने उसे चांदी के गहने सौंप दिए। 23 जुलाई को महिला तीसरी बार घर पहुंची और कहा कि यदि सोने के गहने दिए जाएं तो वह उनके डिजाइन की फोटो लेकर गहने वापस कर देगी और साथ में डिजाइन के लिए एक लाख रुपए भी देगी। महिला के झांसे में आकर 7 महिलाओं ने अपने सोने और चांदी के गहने उसे सौंप दिए, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। शिकायत अनुसार कुल मिलाकर करीब 5.2 तोला सोना और 72 तोला चांदी की ठगी हुई है। जांच अधिकारी एएसआई गुरदीप ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली ट्रांसफार्मर हजारों का समान चोरी

**कैथल।** गांव अजीमगढ़ में चोरों ने खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर का हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर गुहला थाना पुलिस ने बिजली अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूएचबीवीएन गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि 18-19 जुलाई की मध्यरात्रि गांव अजीमगढ़ में कुलबीर सिंह के कृषि कनेक्शन पर लगे 16 केवीए ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर आंतरिक सामग्री चोरी कर ले गए। उ शिकायत मिलने पर क्षेत्र के जेई जंगीर सिंह से जांच कराई गई, जिसमें ट्रांसफार्मर से सामान चोरी होने की पुष्टि हुई।

## नीमवाला में पक्षियों के लिए बना अनोखा घोंसला टावर, 6.50 लाख से तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव नीम वाला में बेजुबान पक्षियों के प्रति अनूठी पहल देखने को मिली है, जहां चिड़ियों, कबूतरों सहित अन्य पक्षियों के लिए लाखों रुपये की लागत से एक विशेष घोंसला टावर बनाया गया है। इस अनोखे निर्माण की चर्चा अब आसपास के क्षेत्रों में भी हो रही है। गांव निवासी मनोज कुमार रायपडिया ने करीब 6 लाख 50 हजार रुपये खर्च कर यह घोंसला तैयार करवाया है। यह टावर करीब 6 मंजिला बनाया गया है, जिसमें पक्षियों के रहने के लिए सैकड़ों छोटे-छोटे खाने (घोंसले) बनाए गए हैं। बताया गया है कि इस तरह का यह जिले में दूसरा निर्माण किया गया है। इससे पहले एक ऐसा घोंसला गांव करोड़ा में बनाया जा चुका है, जबकि अब नीम वाला में यह दूसरा उदाहरण सामने आया है। इस घोंसले के निर्माण के लिए विशेष रूप से गुजरात से मिस्त्री बुलाए गए थे और इसे तैयार करने में करीब 40 दिन का समय लगा। मनोज कुमार रायपडिया जो किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के राजौंद ब्लॉक प्रधान भी हैं, ने बताया कि उन्होंने राजस्थान में ऐसे कई घोंसले देखे थे, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने अपने गांव में भी पक्षियों के लिए यह व्यवस्था करने का निर्णय लिया।




## एजेंसी के बाहर खड़ी मैकेनिक की बाइक चोरी

**कैथल।** अंबाला रोड स्थित महिंद्रा एजेंसी के बाहर खड़ी एक मैकेनिक की बाइक दिनदहाड़े चोरी हो गई। सुबह ड्यूटी पर पहुंचकर युवक ने बाइक एजेंसी के बाहर खड़ी की थी। शाम को काम खत्म कर बाहर आया तो बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी सुराग नहीं लगा। शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संदीप शर्मा ने बताया कि वह अंबाला रोड स्थित एलआर ऑटो प्लाजा में मैकेनिक के पद पर कार्यरत है। वह ड्यूटी के लिए एजेंसी पहुंचा था। उसने सुबह करीब 9:30 बजे बाइक एजेंसी के बाहर खड़ी कर दी आकर देखा तो गायब थी।

## जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर जीप की टक्कर से घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

जींद। गांव बेलरखां के निकट जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे में घायल हुए एक व्यक्ति ने पंजाब के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने हादसे में घायल की शिकायत पर फरार अज्ञात क्रूजर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव दोदर शरकी जिला लुधियाना (पंजाब) निवासी गुरविंद्र तथा उसका मौसेरा भाई धर्मपाल गत 22 जुलाई को काम के सिलसिले में बाइक पर सवार होकर रोहतक जा रहे थे। गांव बेलरखां से निकलते ही जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर तेजरफ्तार क्रूजर जीप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। जहां से दोनों को अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन धर्मपाल को मलेर कोटला पंजाब के निजी अस्पताल ले गए। जहां पर उपचार के दौरान गत दिवस धर्मपाल की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने घायल गुरविंद्र की शिकायत पर अज्ञात फरार क्रूजर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की पंजाब के निजी अस्पताल में मौत हो गई है। फिलहाल फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


## सुप्रीम कोर्ट के आदेश व महानिदेशक के निर्देशों का किया पालन

# इच्छा मृत्यु के आवेदनों पर निर्णय के लिए बोर्ड गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लाइलाज बीमारी से ग्रसित और लंबे समय से मरणासन्न (पर्सिस्टेंट वेजिटेटिव) स्थिति में पहुंचे रोगियों को गरिमामय मृत्यु का अधिकार देने के संदर्भ में स्वास्थ्य विभाग जींद ने बड़ा कदम उठाया है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के एडवांस्ड मेडिकल डायरेक्टिव तथा विड्रॉल / विद होल्डिंग ऑफ लाइफ सस्टेनिंग ट्रीटमेंट संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला स्तर पर तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों के सेकेंडरी मेडिकल बोर्ड का गठन कर दिया गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार जींद सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली की देखरेख में गठित यह बोर्ड जिले में इच्छा मृत्यु से संबंधित प्राप्त आवेदनों और मरीजों की चिकित्सीय स्थिति की गहन समीक्षा करेगा। यह बोर्ड मेडिकल गाइडलाइंस के आधार पर यह जांचने का काम करेगा कि मरीज का मस्तिष्क पूरी तरह से निष्क्रिय (ब्रेन डेड) हो चुका है या नही। क्या उसकी स्थिति में सुधार की कोई वैज्ञानिक संभावना शेष है। बोर्ड की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर ही नियमानुसार वेंटीलेटर या लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटाने का निर्णय लिया जाएगा। यह पूरी व्यवस्था 13 वर्षों से कोमा (वेजिटेटिव स्टेट) में चल रहे हरीश राणा के चर्चित मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइंस के तहत की गई है। हरीश मात्र 13 वर्ष की आयु से बिस्तर पर पूरी तरह अचेत स्थिति में था। करीब एक दशक तक निरंतर देखभाल के बाद जब रिकवरी की कोई उम्मीद नहीं बची तो उसके परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में गरिमामय मृत्यु की गुहार लगाई थी। अदालत ने इस मानवीय पहलू को गंभीरता से लेते हुए देश के सभी राज्यों को जिला स्तर पर निष्पक्ष मेडिकल बोर्ड गठित करने के निर्देश जारी किए थे।

### बोर्ड गाइडलाइंस के अनुसार निर्णय लेगा : डा. भोला



बोर्ड अध्यक्ष एवं डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि सड़क दुर्घटना, सिर की गंभीर चोट या ऑक्सीजन सप्लाई बाधित होने से कई बार मरीज सालों तक वेजिटेटिव स्टेट में चले जाते हैं, जहां वे केवल पलकें झपकने के अलावा कोई क्रिया नही कर पाते हैं। लंबे समय तक नर्सिंग केयर के बावजूद जब रिकवरी की कोई उम्मीद नहीं रहती, तब परिजन ऐसी स्थिति से मुक्ति के लिए गुहार लगाते हैं।

### तीन डॉक्टरों का सेकेंडरी मेडिकल बोर्ड गठित : सीएमओ



नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट और महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के निर्देशों के तहत तीन डॉक्टरों का सेकेंडरी मेडिकल बोर्ड गठित किया गया है। यदि इच्छा मृत्यु से संबंधित कोई भी आवेदन प्राप्त होता है तो यह बोर्ड तय मानकों के अनुसार मरीज की मेडिकल कंडीशन की समीक्षा करेगा और अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगा।

## खबर संक्षेप

### देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन जारी

**जींद ।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन लगातार जारी है। इसमें सफर करने को लेकर लोगों में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। ट्रेन पिछले नौ दिनों से बिना किसी तकनीकी बाधा के नियमित रूप से संचालित हो रही है। रविवार सुबह हाइड्रोजन ट्रेन 27 यात्रियों को लेकर जींद जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन से निर्धारित समय सुबह 7:40 बजे सोनीपत के लिए रवाना हुई। हाइड्रोजन ट्रेन को लेकर आम लोगों में खासा आकर्षण देखने को मिल रहा है।

### पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं मन की बात

**नरवाना।** रविवार को बूथ नंबर 120 में कार्यकर्ताओं के शहरी मंडल उपाध्यक्ष ज्ञानाराम शर्मा ने एपिसोड नंबर 136 की मन की बात सुनी और कारगिल विजय दिवस पर भी विशेष रूप से चर्चा की एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरने काम किया।

### बहू ने मायका पक्ष के साथ मिल ससुराल जनों को पीटा

**जींद।** गांव दुर्जनपुर में बहु ने मायका पक्ष के साथ मिल कर ससुरालीजनों पर हमला कर दिया। जिसमें सास, ससुर समेत तीन लोग घायल हो गए। उचाना थाना ने घायलों की शिकायत पर बहु समेत चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दुर्जनपुर निवासी रोशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटी रवि का उसकी पत्नी संतोष के साथ मनमुटाव चला आ रहा है। पंचायती तौर पर संतोष ने तलाक के लिए सवा करोड़ रुपये मांगे। इतनी राशि देना उनके बलबूते से बाहर था। जिसके बाद संतोष अपनी बुआ के साथ मकान के ऊपर बने कमरे में रहने लगी। गत 24 जुलाई को संतोष की मां राधा उनके घर आई और बेटी के लिए हक मांगा।

### संदिग्ध हालात में महिला गायब, मामला दर्ज

**जींद।** गांव मांडी खुर्द से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मांडी खुर्द निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह करियाने की दुकान चलाता है। गत 23 जुलाई दोपहर को वह खाना खाने घर गया तो उसकी 19 वर्षीय पत्नी गायब मिली। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। अलेवा थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खेतों में लगे पिल्लर उखाड़े, सात पर केस

**जींद।** गांव सिवानामाल के निकट खेत पर पिल्लरों को उखाड़ कर ले जाने और धान फसल को नुकसान पहुंचाने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सिवानामाल निवासी गुरमीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पांच एकड़ जमीन गांव मालसरी खेड़ा की सीमा के साथ लगती है। जिसकी निशानदेही कर पिल्लर लगाए गए हैं। गत 20 जुलाई को गांव मालसरी खेड़ा निवासी सुरेंद्र तथा उसके परिजनों ने मिल कर उसके पिल्लरों को उखाड़ दिया और 15 पिल्लर अपने साथ ले गए। आरोपितों ने उसकी धान की फसल को भी नुकसान पहुंचाया। पता चलने पर जब उसने विरोध जताया तो आरोपितों ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### मिड डे मील वर्कर्स ने सौंपा ज्ञापन

**जींद।** हरियाणा मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की ब्लॉक कमेटी जींद ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल एवं महापड़ाव का नोटिस ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। । मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव सुनीता ने कहा कि मिड डे मील वर्कर्स लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं लेकिन प्रदेश सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय लगातार उनकी अनदेखी कर रही है। कहा कि प्रदेश की हजारों मिड डे मील वर्कर्स बेहद कम मानदेय पर वर्षों से सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने का कार्य कर रही हैं।

---

### बोर्ड के चेयरपर्सन कैप्टन योगेश बैरागी ने मेले तैयारियों को सराहा

# अंत्योदय मेले में उमड़ी भीड़, 19 विभागों ने दी 47 योजनाओं की पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना (एमएमएपीयूवाई 2.0) के तहत रविवार को जुलाना विधानसभा क्षेत्र स्थित शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया। मेले में हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के चेयरपर्सन कैप्टन योगेश बैरागी ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जुलाना के उपमंडल अधिकारी होशियार सिंह ने की। मेले में विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। पात्र लाभार्थियों ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया भी पूरी की।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का राज्य स्तरीय शुभारंभ लाडवा से किया। इसी कड़ी में प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया। इन मेलों का उद्देश्य पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं एवं कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम वाले पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोडऩे के उद्देश्य से यह मेला आयोजित किया गया है। मेले में 19 विभागों द्वारा 47 विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। पात्र लाभार्थियों का मौके पर पंजीकरण किया गया तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के मेले में पहुंचने से यह स्पष्ट है कि आमजन सरकार की इस पहल का लाभ उठा रहा है।


जींद । स्टालों का अवलोकन करते हुए चेयरपर्सन कैप्टन योगेश बैरागी।

#### मेले में लगी हर विभाग की स्टाल

मेले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रोजगार विभाग, उद्यान विभाग, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्तीय एवं विकास निगम, मत्स्य पालन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और शहरी स्थानीय विकास विभाग सहित 19 विभागों ने स्टॉल लगाए। स्टॉलों पर अधिकारियों ने लोगों को पेंशन, छात्रवृत्ति, मुद्रा लोन, स्वरोजगार योजनाओं और कौशल प्रशिक्षण सहित करीब 47 जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मेले में पहुंच कर अपनी पात्रता की जांच करवाई और विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन किए।

#### 3000 पात्र परिवारों को आमंत्रित किया

जुलाना एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि इस मेले में जुलाना विधानसभा क्षेत्र के करीब तीन हजार अंत्योदय परिवारों को आमंत्रित किया गया था। मुख्यमंत्री की पहल पर अंत्योदय मेलों की दूसरी श्रृंखला शुरू की गई है। रविवार को पूरे हरियाणा में 22 विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें लाडवा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं जुड़े, जबकि अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी समानांतर रूप से अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद एवं वंचित व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इन मेलों के माध्यम से पात्र नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि वे अपनी जरूरत के अनुसार योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

#### चेयरपर्सन और एसडीएम ने किया स्टालों का अवलोकन

इस दौरान चेयरपर्सन कैप्टन योगेश बैरागी और एसडीएम होशियार सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बीडीपीओ प्रवीन कुमार, सहायक मेला सुपरवाइजर नवीन कुमार, योगेश, दिलावर, सुरेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

---

### राज्य कार्यकारिणी का गठन, राज्य प्रधान फूल सिंह मनोनित

# जन संघर्ष मंच हरियाणा का प्रतिनिधि सम्मलेन संपन्न


जींद । सम्मेलन में भाग लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्थानीय कुम्हार धर्मशाला में जन संघर्ष मंच हरियाणा का 10वां दो दिवसीय प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मलेन फूल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मलेन में मंच संचालन सुदेश कुमारी ने किया। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद मंच के सलाहकार डा. सीडी शर्मा ने दो दिवसीय प्रतिनिधि सम्मेलन का उद्घाटन किया।

महासचिव सुदेश कुमारी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर व मंच द्वारा किए गए पिछले दो सालों की गतिविधियों आदि पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। महासचिव की रिपोर्ट पर अनेक प्रतिनिधि साथियों ने भाग लिया और रिपोर्ट में सुधार करके पारित कर दिया। सम्मेलन के दूसरे दिन मंच के राष्ट्रीय सलाहकार श्याम सुंदर ने प्रतिनिधियों को संबोधित किया। अधिवेशन में पूंजीवादी सरकारों के द्वारा मजदूर वर्ग पर बढ़ते दमन और उत्पीडन पर विस्तृत चर्चा हुई। इस पूंजीवादी व्यवस्था द्वारा मजदूरों व समाज के अन्य शोषित पीड़ित तबकों पर बढ़ते शोषण दमन, उत्पीडऩ के खिलाफ संघर्षों को तेज करने के लिए आगामी दो वर्ष के लिए राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें राज्य प्रधान फूल सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान पाल सिंह, उप प्रधान डा. सुनीता त्यागी, महासचिव सुदेश कुमारी, सचिव रघुबीर विरोधिया, सहसचिव सुरेश कुमार, वित्त सचिव चंद्ररेखा, प्रवक्ता सोमनाथ, कार्यकारिणी सदस्य करनैल सिंह, नरेश कुमार, सत्यवीर, कविता विद्रोही व सूरजभान चहल सर्वसम्मति से चुने गए। अधिवेशन में सभी प्रतिनिधियों ने सक्रियता से भाग लिया। मंच का खुला अधिवेशन 31 जुलाई को कुरुक्षेत्र की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।

---

*बच्चों व अभिभावकों को बनाया जा रहा पर्यावरण संरक्षण का भागीदार*

# एक पेड़ मां के नाम अभियान को जींद में मिल रही नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरणीय हालात के बीच पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एफएलएन के जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ की पहल रंग लाने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर राजेश वशिष्ठ जिलेभर में पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे हैं। उनकी अपील पर विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक और आम नागरिक बढ़.चढ़कर पौधे लगाने के साथ.साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प ले रहे हैं। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तनए बढ़ते तापमान और प्रदूषण जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान अधिक से अधिक पौधारोपण और हरित क्षेत्र का विस्तार है।


पौधों के साथ मौजूद बच्चे।

#### जीवन का आधार हैं पौधे

राजेश वशिष्ठ ने कहा कि पेड़-पौधे केवल हरियाली बढ़ाने का माध्यम नहीं है बल्कि जीवन का आधार हैं। ये वातावरण को स्वच्छ बनानेए ऑक्सीजन उपलब्ध करानेए वर्षा चक्र को संतुलित रखनेए भूजल स्तर को बनाए रखने और जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाना होगा। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों से अपील की कि प्रत्येक विद्यार्थी वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाए।

---

### धर्म सिंह कॉलोनी में पहुंचा आदित्य सुरजेवाला नि:शुल्क चलता-फिरता अस्पताल वैन

**नरवाना।** कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने एक बार फिर जनसेवा का अनुपम उदाहरण पेश किया है। सेवा व समर्पण भावना से शुरू हुई जन सेवा की पहल का कारवां कैथल विधानसभा के साथ-साथ नरवाना क्षेत्र में भी लगातार जारी है। गांव कलौदा कलां से शुरू हुए मानव सेवा के इस अभियान के तहत नरवाना विधानसभा में दो दर्जन से ज्यादा गांव व नरवाना शहर के इलाकों में शिविर आयोजित कर चुका है। विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर सेवा व समर्पण के तहत शुरू की गई आदित्य निशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन गरीब व जरूरतमंदों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। रविवार को नरवाना शहर की धर्म सिंह कॉलोनी, वार्ड-तीन में पहुंचे इस चलते-फिरते अस्पताल में ग्रामवासियों को पूरी तरह नि:शुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गईं। वैन सेवा के संचालन व्यवस्था को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं।

---

# डीबीके इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा एवं देशभक्ति के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

डीबीके इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस देशभक्ति, गर्व एवं सम्मान की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कारगिल के वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित भाषण, कविताएं, समूहगान, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ तथा प्रभावशाली मंच संचालन के माध्यम से भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता एवं बलिदान को नमन किया।

विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सम्पूर्ण वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। विद्यालय के प्री-स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भी विभिन्न देशभक्ति गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी मासूम अभिव्यक्तियों से सभी का मन मोह लिया। उनकी सहभागिता ने यह संदेश दिया कि देशप्रेम के संस्कार बचपन से ही विकसित किए जाने चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया कुकरेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कारगिल विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का त्याग, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने देश के वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।



जींद । छोटे-छोटे बच्चे कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

---


जींद । बैठक की अध्यक्षता करते हुए डा. सुशील गुप्ता।

### जनता वर्तमान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह त्रस्त : डा. सुशील गुप्ता

**जींद ।** जींद में आयोजित आम आदमी पार्टी हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में राज्य की वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति को लेकर एक राजनीतिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने बैठक में संगठन निर्माण, पार्टी गतिविधियों को तेज करने, प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी के गठन तथा नायब सिंह सैनी सरकार की विफलताओं पर विस्तार से रणनीति बनाई गई। पत्रकारों से बातचीत में डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा की जनता वर्तमान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। आम आदमी पार्टी प्रदेश के हर वर्ग के हक की लड़ाई लडने और एक मजबूत वैकल्पिक मॉडल पेश करने के लिए संकल्पबद्ध है। डा. सुशील गुप्ता ने बताया कि 14 जुलाई से फतेहाबाद, सिरसा से शुरू किए गए हस्ताक्षर अभियान के तहत राम मंदिर के चंदा चोरों को सजा दिलवाने हेतु आम नागरिकों से पत्र हस्ताक्षरित करवाए गए थे। जींद बैठक के दौरान सभी जिलों से हस्ताक्षरित पत्र वापस एकत्र किए गए हैं।

---

# सर्वजातीय, सर्वखाप सामाजिक पंचायत ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर खुशी जाहिर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव खरकरामजी ज्योति स्वरूप निरंकारी मंदिर में रविवार को सर्वजातीय, सर्वखाप सामाजिक पंचायत बराह कलां, सुंदरपुर खाप पंचायत का आयोजन किया गया। खाप पंचायत की अध्यक्षता कुलदीप ढांडा ने की।

खाप पंचायत में दिल्ली जंतर-मंतर पर हुए छात्रों पर लाठी चार्ज के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिल्ली में नीट परीक्षा को लेकर धरना व प्रदर्शन कर रहे बच्चों द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग पर जो फैसला हुआ है, उस पर पंचायत ने खुशी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान सिविल ड्रेस में आए गुंडों द्वारा बच्चों पर लाठीचार्ज और लड़कियों के साथ की गई अश्लील हरकत की कड़ी शब्दों में निंदा की गई और सरकार से मांग की गई कि दोषियों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।


जींद। खाप पंचायत में भाग लेते हुए खाप प्रतिनिधि।

#### यह रहे मौजूद

खाप में रविंद्र, सुबेह सिंह, कृष्ण गोयत, राजा शर्मा, राजवीर कटारिया, शमशेर ढांडा, सुरेश ढांडा, शीला प्रधान गांगोली, हवा सिंह देशवाल भागखेड़ा, राजवीर नंबरदार आसन, भूपेंद्र मोर लुदाना, सुरजीत कटारिया खरकरामजी सहित अनेक खाप प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

# भाजपा सरकार की नीयत तथा नीति में खोट : विकास सिहाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

युवा जजपा के जिलाध्यक्ष विकास सिहाग ने कहा कि भाजपा की नियत तथा नीति देश को लेकर साफ नही है। हमेशा भाजपा की नियत तथा नीति में खोट रहा है। दिल्ली जंतर-मंतर पर एकजुट हुए देश के युवाओं को भाजपा सरकार को आइना दिया है। युवाओं ने साफ संदेश दिया है कि अब युवा भाजपा बहकावे में नही आने वाले हैं। भाजपा ने छात्रों की आवाज को दबाने के लिए हर ओच्छा हथकंडा अपनाया है। बावजूद इसके छात्र युवा शक्ति टूटी नही और अपनी मांगें मनवाई। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफे को भाजपा ने देर से लिया। छात्रों ने भी अपनी ताकत को दिखा दिया। अगर भाजपा सरकार यह निर्णय पहले ले लेती तो देशभर में लाखों छात्रों को लंबे समय तक अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़ता। विकास सिहाग ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था केवल सरकार का विषय नही बल्कि देश के भविष्य का प्रश्न है। प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं की पारदर्शिता पर उठे सवालों ने विद्यार्थियों और अभिभावकों का विश्वास प्रभावित किया है।


विकास सिहाग।

---

# 58 वीरांगनाओं को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के जींद-रोहतक मार्ग स्थित निजी होटल में रविवार को कारगिल विजय दिवस बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शहीद सैनिकों की 58 वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में क्षेत्र के पूर्व सैनिकों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों और स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डा. समुंद्र लाठर ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में देश के वीर जवानों ने अपने अदम्य साहसए शौर्य और बलिदान से भारत की सीमाओं की रक्षा की थी। ऐसे वीर सैनिकों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि वीरांगनाओं का सम्मान करना समाज का कर्तव्य है। क्योंकि उन्होंने अपने परिवार के सदस्य को देश की सेवा के लिए समर्पित किया है। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूर्व सैनिक नरेंद्र लाठर ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हर वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में वीरांगनाओं को स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।


जींद। वीरांगनाओं को सम्मानित करते हुए आयोजक।

---

**सख्ती** | हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने अधिकारियों को जारी किए आदेश

# निपुण प्रशिक्षण से अनुपस्थित शिक्षकों का विवरण 29 जुलाई तक भेजने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने निपुण हरियाणा मिशन के तहत आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए वर्ष 2022-23 से लेकर वर्ष 2025-26 तक आयोजित निपुण मिशन के विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहे शिक्षकों का विस्तृत विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि यह निर्देश 25 जुलाई को सहायक निदेशक (अकादमिक) द्वारा जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए प्रभावी एवं सुव्यवस्थित शिक्षक प्रशिक्षण कायक्रम तैयार करने के उद्देश्य से यह जानकारी एकत्रित की जा रही है। विभाग चाहता है कि जिन शिक्षकों ने पूर्व वर्षों में आयोजित प्रशिक्षणों में भाग नहीं लिया, उनकी पहचान कर भविष्य की प्रशिक्षण योजनाओं में उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जा सके। पत्र के अनुसार वर्ष 2022-23 से अबतक निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें नवंबर 2022 का एफएलएन रिफ्रेशर प्रशिक्षण जून 2023 का छह दिवसीय एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण, सितंबर-अक्टूबर 2023 का छह दिवसीय ईसीसीई बालवाटिका-3 प्रशिक्षण, मई-जून 2024 में कक्षा चौथी एवं पांचवीं के पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति पर चार दिवसीय प्रशिक्षण शामिल हैं।


जींद । बैठक की अध्यक्षता करते हुए एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ।

#### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा निपुण हरियाणा मिशन के लक्ष्यों को सफल बनाने में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में जिन शिक्षक प्रशिक्षणों से कुछ शिक्षक वंचित रह गए थे, उन्हें आगामी चरणों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर विद्यालयों में आधारभूत साक्षरता एवं सं यात्मक ज्ञान (एफएलएन) के प्रभावी क्रियान्वयन को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। विभाग के इस निर्णय को निपुण हरियाणा मिशन की गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी, शिक्षण पद्धति में एकरूपता आएगी तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

## खबर संक्षेप



कैथल। जिला समन्वय समिति के नव नियुक्त पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### भले राम शर्मा बने गायत्री परिवार के मुख्य समन्वयक

**कैथल।** गायत्री प्रज्ञा संस्थान में गायत्री परिवार कैथल की मीटिंग मुख्य ट्रस्टी सूरजभान शर्मा की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार जिला समन्वय समिति का गठन किया गया। नई समिति में भले राम शर्मा को मुख्य सम्वयक, दरिया सिंह को सहायक समन्वयक, शमशेर सिंह पुनिया पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी को संगठक, बिमल सिंगला को कोषाध्यक्ष, विजय सिंगला को शक्तिपीठ विस्तारक, सुरेंद्र हरित को मीडिया प्रमुख, भूपेंद्र रोहिल्ला को प्रोग्राम प्रशिक्षक, रामकुमार मित्तल को बीएसजीपी, सुनीता शर्मा को महिला सशक्तिकरण प्रमुख नियुक्त किया गया।

### साइबर धोखाधड़ी में 1930 पर करें शिकायत : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें।

### पंजाबी वेलफेयर सभा का रक्तदान शिविर 16 को

**कैथल।** देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूमने वाले अमर शहीद मदनलाल ढींगड़ा के बलिदान दिवस के अवसर पर पंजाबी वेलफेयर सभा, कैथल द्वारा 16 अगस्त (रविवार) को एक विशाल मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया जाएगा। यह निर्णय सभा की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता सभा की प्रधान सुषम कपूर ने की।

### पीएम विश्वकर्मा योजना से मिल रही नई पहचान

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है। डीसी अपराजिता ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक है। पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य बिंदु कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ एकीकृत हों। योजना कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करती है।

# गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर वाराणसी से लाई जाएगी पावन मिट्टी

## मिट्टी लाने के लिए हरियाणा राज्य से भाजपा के 12 प्रतिनिधियों की सूची घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

भक्ति आंदोलन के महान प्रवर्तक एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती को इस बार दीपावली की तरह खास अंदाज में मनाने की तैयारियां भाजपा ने अभी से शुरू कर दी हैं। इस उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरस संकल्प अभियान शुरू किया गया है। इसमें हरियाणा से 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को गुरु रविदास जी की जन्मस्थली वाराणसी से पावन मिट्टी लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला कैथल से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नगरपालिका चीका चेयरपर्सन डॉ. रेखा को शामिल किया गया है।

डा.रेखा गुहला चीका से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व सदस्य एवं हरियाणा के सीनियर लीडर ईश्वर सिंह की पुत्र वधू हैं। रविवार को वाराणसी के लिए रवाना होते हुए डा.रेखा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी केवल एक संत नहीं बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के अमर संदेशवाहक हैं। उनके द्वारा दिया गया मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश आज भी समाज को जाति-पांति और भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम, सेवा एवं भाईचारे का मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है। गुरु रविदास जी की जन्मस्थली की पावन मिट्टी हरियाणा की धरती पर श्रद्धा और सम्मान के साथ लाई जाएगी। ताकि प्रदेशभर में आयोजित होने वाले जयंती समारोहों में श्रद्धालु उस पवित्र धरा का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने बताया कि भाजपा द्वारा चयनित प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा एवं पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, पूर्व विधायक सरिता नारायण, मेयर सुमन बहमिनी, विधायक कपूर बाल्मीकि, काउंसिलर अशोक कटारिया, पूर्व मेयर प्रत्याशी सुंदर लाल यादव, पूर्व मंत्री जगदीश नायर, हरियाणा सरकार के चेयरमैन बलदेव गिरोहा, पूर्व मंत्री अनूप धानक, हरियाणा सरकार के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी और जिला कैथल से डा.रेखा को शामिल किया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व चीका पालिका की चेयरपर्सन डा.रेखा ने गुरु रविदास जी का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, समान अवसर और सामाजिक न्याय पहुंचाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समरस संकल्प अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में एकता, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। भाजपा के इस विशेष अभियान के माध्यम से वाराणसी स्थित गुरु रविदास जी की जन्मस्थली से लाई जाने वाली पावन मिट्टी को श्रद्धा के साथ हरियाणा भर के सभी जिलों, मंडल, बूथ एवं गली-मोहल्लों में भेजा जाएगा।



कलायत। श्री रैदास तख्त पर श्रद्धालुओं से रूबरू डा.प्रीतम कौलेखां तथा कलायत स्थित श्री रैदास तख्त पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम। फोटो : हरिभूमि

### मिलेगी प्रेरणा

यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि संत रविदास जी के विचारों और उनके सामाजिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का पावन दायित्व है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गुरु रविदास जी के आदर्शों से प्रेरित होकर समाज में समरसता, समानता और भाईचारे की भावना और अधिक सशक्त होगी। श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी प्रधान एवं गुरु रविदास प्रकाश पर्व जिला प्रभारी डा.प्रीतम कौलेखां ने कहा कि गुरु रविदास जी की जन्मस्थली वाराणसी से पावन मिट्टी लाने के निर्णय से देश-प्रदेश में उत्साह का माहौल है। इस उपलक्ष्य में कलायत स्थित श्री रैदास तख्त पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गुरु प्रसाद के मार्ग दर्शन में किया गया। डा.प्रीतम कौलेखां ने कहा कि गुरु रविदास प्रकाश पर्व अवसर पर इस बार घरों में दीपावली की तरह दीप रोशन करते हुए खुशियां मनाई जाएंगी क्योंकि पहली बार गुरु रविदास जी की जन्म स्थली वाराणसी से सम्मान के साथ पावन माटी हरियाणा प्रदेश के शहरों-गावों व मोहल्लों में पहुंचाई जाएगी।



ढांड। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# रोहतक महापंचायत को लेकर जडौला में जनसभा

## गांव-गांव में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से 25 अक्तूबर 2026 को रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय महापंचायत की तैयारियों को लेकर गांव जडौला की दलले वाली चौपाल में जनसभा आयोजित की गई। जनसभा की अध्यक्षता गांव के किसान सूबे सिंह ने की। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सत्यवान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने भी अपने विचार रखे। मंच का संचालन संगठन के जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने किया। जनसभा में बड़ी संख्या में किसान-मजदूरों ने भाग लिया। किसान-मजदूर नेता कामरेड सत्यवान ने भारत के छात्रों और युवाओं की जीत पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि संगठन छात्रों और युवाओं के ऐतिहासिक संघर्ष को क्रांतिकारी सलाम करता है। कामरेड सत्यवान ने भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को किसान-मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि इस समझौते से देश के छोटे और सीमांत किसान तथा दुग्ध उत्पादक गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि भारत में जमीन छोटे-छोटे हिस्सों में बंटी हुई है और किसान पहले ही फसलों की लागत के मुकाबले कम दाम मिलने के कारण आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ से जूझ रहे हैं। देशभर में लाखों पद खाली पड़े हैं, लेकिन रोजगार देने के नाम पर युवाओं से लाखों की संख्या में आवेदन करवाए जाते हैं।

### देशव्यापी संघर्ष चलाने की तैयारी में संगठन

कामरेड सत्यवान ने कहा कि 2020-21 के ऐतिहासिक किसान आंदोलन की तर्ज पर व्यापक, निरंतर और देशव्यापी संघर्ष चलाया जाएगा, जब तक भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को पूरी तरह रद्द नहीं किया जाता।

# 5 लाख की सफाई मशीनें व दो ट्रैक्टर नगर पालिका को मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी नगर पालिका को शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए करीब 35 लाख रुपये की लागत से दो ट्रैक्टर, एक जेटिंग (सीवर सफाई) मशीन तथा एक पानी का टैंकर सौंपा गया। विधायक सतपाल जांबा रविवार को नगर पालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरी झंडी दिखाकर दोनों ट्रैक्टरों और सफाई वाहनों को शहर की सफाई एवं नालों की सफाई के लिए रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी ने की, जबकि नगर पालिका सचिव मोहनलाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि चुनाव से पहले उन्होंने शहरवासियों से पूंडरी को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने का जो वादा किया था, उसे लगातार पूरा किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री के समक्ष शहर के नालों की प्रभावी सफाई के लिए जेटिंग मशीन तथा पानी के टैंकर की मांग रखी गई थी, जिसे सरकार ने तुरंत मंजूरी दी। आज इन सुविधाओं के नगर पालिका को मिलने से शहर की सफाई व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।



पूंडरी। मशीनों हरि झड़ी दिखाकर रवाना करते हुए विधायक सतपाल जांबा। फोटो : हरिभूमि

■ विधायक सतपाल जांबा ने दिखाई हरी झंडी

# डीएवी नेशनल स्पोटर्स क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल पूंडरी के खिलाड़ियों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में डीएवी नैशनल स्पोर्टस क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कैथल, करनाल, नीलोखेड़ी, जींद, चीका, सीवन व पूंडरी के डीएवी स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल पूंडरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार ने की पर्यवेक्षक के रूप में डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल नरवाना के प्राचार्य श्री गजेन्द्र सिंह शामिल हुए। पर्यवेक्षक गजेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य सुशील कुमार द्वारा सर्व प्रथम विभिन्न स्कलों से आई हुई टीमों का परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वॉलीबाल, बॉस्केटबॉल व कराटे की प्रतियोगिता की गई। वॉलीबॉल अंडर-14, अंडर-17 व अंडर 19 लड़कों की प्रतियोगिता मे डीएवी स्कूल पूंडरी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। बॉस्केटबॉल अंडर-17 लड़कियों की टीम प्रथम व अंडर-19 लड़कों की टीम रनर-अप रही। इसी प्रकार कराटे की प्रतियोगिता में अंडर-14 में लड़के व लड़कियां प्रथम, अंडर-17 लड़कें व लड़कियों की टीम प्रथम और अंडर-19 लड़कियों की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षिका कोमल, दिलबाग, विकास पांचाल, कोच पंकज, रोबिन, प्राध्यापिका माधुरी बख्शी, रिंपल, शमशेर सिंह, विकास जैन, मुकेश कुमार, नरेश मिगलानी, अमित मिड्डा, शशि शर्मा, श्री अमित वालिया व बलवान सिंह भी मौजूद थे।



पूंडरी। नेशनल स्पोटर्स क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने बताया लोकतंत्र की जीत



**राजौंद।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुनील कुंडू रोहेड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि जनता और युवाओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। जब देश का युवा अपने अधिकारों और भविष्य को लेकर आवाज उठाता है, तो लोकतंत्र में उसकी आवाज सुनी जाती है। सुनील कुंडू ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा यह साबित करता है कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं और छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर जिस तरह आवाज बुलंद की, उसका परिणाम सामने आया है। यह फैसला लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की ताकत को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर युवाओं में लगातार चिंता बनी हुई थी। ऐसे में सरकार और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की जवाबदेही तय होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि "यह लोकतंत्र की जीत है और आने वाले समय में भी जनता की आवाज को इसी तरह मजबूती मिलती रहेगी।

# हिंदी हिंद की जुबां इतनी प्यारी है, इसमें सुर है ताल है. .

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर कैथल के हुडा के सेक्टर 21 में स्थित अंबेडकर भवन में सद्भावना साहित्य सदन कैथल की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सद्भावना साहित्य सदन के अध्यक्ष डॉक्टर विकास आनंद की।गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणवी साहित्यकार रिसाल सिंह जांगड़ा और विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणवी ग़ज़लकार सुरेंद्र कुमार कंवल हरियाणवी व पंजाबी के साहित्यकार प्रोफ़ेसर अनिल सौदा जी ने शिरकत की। काव्य गोष्ठी का आगाज़ डा रामेश्वर दास जी की इन पंक्तियों से हुआ : हिंदी हिंद की जुबां इतनी प्यारी है, इसमें सुर है ताल है। दिलबाग अकेला ने अपना सद्परामर्श इन शब्दों में दिया : मिलकै रहिये मणस खरयां तै, टूटै ज्यादै डोर सरयां तै। डा. सुरेश कुमार कल्याण ने माता-पिता द्वारा अपनी संतान को शिक्षित करने के प्रयासों का ज़िक्र करते हुए कहा : धक्का करते मात-पितु, पूत पढ़े पुरजोर । लगन नहीं जब पूत मन होता केवल शोर।



कैथल। सद्भावना साहित्य सदन कैथल की मासिक काव्य गोष्ठी में उपस्थित कवि और साहित्यकार।

### मंदिर में शनिदेव महाराज की शिला की हुई स्थापना



**राजौंद।** शहर के प्रसिद्ध शिव दुर्गा मंदिर के प्रांगण में श्रद्धा और आस्था के साथ शनिदेव महाराज की पवित्र शिला की विधिवत स्थापना की गई। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। शिला स्थापना से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य रामभगत हरित द्वारा विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करवाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर भगवान शनिदेव से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हवन-यज्ञ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का भी विशेष आयोजन किया गया। जिसमें महिला भजन संकीर्तन मंडली द्वारा धार्मिक भजन प्रस्तुत किए गए, भजनों ने सभी को भावविभोर कर दिया।इस दौरान नए सदस्यों ने भी मंदिर कमेटी में अपनी सदस्यता ग्रहण की।

### किछाना में राजा राम का पौधरोपण अभियान



**राजौंद।** गांव किछाना में रविवार को समाजसेवी राजा राम द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने छायादार व फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राजा राम ने बताया कि वह अब तक गांव में करीब 2000 पौधे लगा चुके हैं और इनकी नियमित देखभाल भी स्वयं करते हैं। पौधों की सिंचाई, गुड़ाई और रखरखाव के लिए उन्होंने एक मजदूर भी रखा हुआ है, जिसकी दिहाड़ी का खर्च वह खुद उठाते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य पर वह हर वर्ष एक लाख रुपये से अधिक अपनी ओर से खर्च करते हैं, जिसमें उनके परिवार का पूरा सहयोग मिलता है। साथ ही ग्रामीणों का भी समय-समय पर सहयोग मिलता रहता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 2001 में पौधारोपण अभियान की शुरुआत की थी, जो आज तक निरंतर जारी है।

### अनजान व्यक्ति को बैंक डिटेल न बताएं



**कैथल।** थाना साइबर क्राइम कैथल द्वारा ओएसडीएवी स्कूल कैथल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एएसआई विनोद कुमार व एएसआई प्रदीप की टीम ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, फेक कॉल, लिंक के जरिए हैकिंग, सोशल मीडिया दुरुपयोग जैसे साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही इनसे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक डिटेल या निजी जानकारी शेयर न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा सोशल मीडिया पर मजबूत पासवर्ड बनाकर रखें। यदि साइबर ठगी हो जाए तो घबराएं नहीं, तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या नजदीकी साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

**कार्यक्रम** भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में हुई शामिल

बीडीपीओ कार्यालय चीका में आयोजित किया गया मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला

# पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है सरकारी लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास व सबका प्रयास की नीति पर चलकर पंक्ति में खडे. अंतिम पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के अंतर्गत मेलों का आयोजन किया जा रहा है। बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी रविवार को बीडीपीओ कार्यालय के हॉल में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले के दौरान उपस्थितगण को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि गुहला क्षेत्र के पात्र लाभार्थीयों को 19 विभागों द्वारा परिवारों के सदस्यों की कॉउसलिंग कर योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। इस मेले का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। हरियाणा सरकार का संकल्प है कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से ऐसे मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ विभिन्न विभाग एक ही छत के नीचे अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।



गुहला-चीका। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का उद्घाटन करते हुए तथा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 2 एकड़ में बनेगा अखिल भारतीय बेनीवाल खाप का चबूतरा

**कैथल।** गांव ढांड जिला हिसार में 2 एकड़ में अखिल भारतीय बेनीवाल खाप का चबूतरा बनाया जाएगा। इस पर 7 करोड रुपए की लागत आने का अनुमान है जो लगभग 3 साल में बनकर तैयार होगा और ये डिजिटल होगा। चबूतरे के साथ ही एक भव्य बेनीवाल भवन भी बनाया जाएगा। इसमे जिला कैथल से बेनीवाल समाज बढ़ चढ़ कर योगदान करेगा। यह निर्णय जिला कैथल बेनीवाल खाप की बैठक में लिया गया जो जाट धर्मशाला कैथल में जिला प्रधान रामेश्वर बेनीवाल की अध्यक्षता में हुए और जिसका संचालन खाप के सचिव सुभाष बेनीवाल बूढ़ा खेड़ा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रधान भरत सिंह बेनीवाल और खाप की पुरी कार्यकारिणी ने चबूतरे के लिए गांव डॉड निवासी बेनीवालो द्वारा बिल्कुल मुफ्त में दी गई भूमि के लिए आभार जताया। उन्होंने बताया की चबूतरा खाप या संस्था का मंदिर अथवा दिल होता है जो मुख्यालय के रूप में प्रयोग में आता है।

## खबर संक्षेप

### अजीत मार्केट के प्रधान अजीत कुमार का निधन

**राजौंद।** अजीत मार्केट के प्रधान एवं प्रसिद्ध ट्रैक्टर मिस्त्री 72 वर्षीय अजीत कुमार का गुरुवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे, लेकिन उनके निधन की खबर ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया। अजीत कुमार वर्ष 1976-77 में जिला जींद के गांव ठाठरथ से राजौंद आए थे और यहां आकर उन्होंने ट्रैक्टर मिस्त्री के रूप में अपना कार्य शुरू किया। अपनी मेहनत, ईमानदारी और कुशल कार्यशैली के चलते उन्होंने क्षेत्र में अलग पहचान बनाई

### रजिस्ट्री के लिए किसी को अतिरिक्त शुल्क न दें

**गुहला-चीका।** नायब तहसीलदार बलराज सिंह मलिक ने बताया कि सरकार द्वारा ऑटामुटेशन का नया सॉफ्टवेयर जारी किया गया है। अभी इस सॉफ्टवेयर में तकनीकी समस्याओं के कारण इंतकाल दर्ज व मंजूर होने में तथा लोन दर्ज व फक होने के कार्य में देरी हो रही है, लेकिन जल्द ही मुख्यालय द्वारा तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके बाद कार्य तेजी व समुचित रूप से होगा। आमजन इस कार्य में पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे तहसील से संबंधित कार्य के लिए किसी भी बाहरी व्यक्ति को कोई भी अतिरिक्त शुल्क ना दें। केवल सरकार द्वारा निर्धारित फीस ही अदा करें।

### बीएड अंतिम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षाएं पूरी

**राजौंद।** किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित बी.एड. अंतिम वर्ष की प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षाएं आज सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गईं। परीक्षाओं का आयोजन विश्वविद्यालय के निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं उच्च शैक्षणिक मानकों के अनुरूप किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ सहभागिता की। कॉलेज के चेयरमैन रामफल ढांडा तथा प्रबंध निदेशक (एम.डी.) विकास ढांडा ने सफल आयोजन के लिए समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कारगिल विजय दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा

**जींद।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी जींद की ओर से देश के वीर शहीदों के सम्मान और युवाओं में राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से राजकीय कालेज से जिला न्यायालय तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, एबीवीपी कार्यकर्ताओं और युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से शहर का वातावरण राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत हो गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ राजकीय महाविद्यालय परिसर से हुआ। एबीवीपी के विवि अध्यक्ष सतविंद्र ढिल्लो ने कहा कि यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला न्यायालय परिसर पहुंची।

### शहीदों के अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण हमेशा देते रहेंगे प्रेरणा

# सीआरएसयू में श्रद्धा के साथ मनाया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्र भक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य सुरक्षा अधिकारी डा. नरेश देशवाल एवं विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को नमन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण प्रत्येक भारतीय के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि देश की एकताए अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करें। युवाओं को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों के बलिदान से प्रेरणा लेकर प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने भी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को कारगिल विजय दिवस की शुभकामनाएं दीं।



जींद। सीआरएसयू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्य सुरक्षा अधिकारी डा. नरेश देशवाल और अन्य सुरक्षा कर्मी। फोटो: हरिभूमि

#### आज का दिन ऐतिहासिक

मुख्य सुरक्षा अधिकारी डा. नरेश देशवाल ने उपस्थित सुरक्षा कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल भारत की ऐतिहासिक सैन्य विजय का प्रतीक नहीं हैए बल्कि यह उन वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के वीर जवानों का साहस और बलिदान देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

## पूर्व सैनिकों ने किया शहीदों की शहादत को नमन



**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में कारगिल विजय दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। एसोसिएशन प्रधान ने बताया कि अमर वीर सर्वोच्च बलिदानों की याद में मुख्य अतिथि हरेंद्र पाल गर्ग तहसीलदार कैथल ने प्रशासन की तरफ से रीट चढ़ाई। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह सिरोही, महंत रमन पुरी, महंत त्रिवेणी दास, ग्रुप कैप्टन स्वरूप सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल असीमु दीन, शहीद परिवारों, सैनिकों एवं सैकड़ो पूर्व सैनिकों व सैनिकों ने पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी और फौजी कर्मवीर ,फौजी बलवान व सुबेदार मोतीलाल जांगड़ा ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। 2 मिनट का मौन रखा गया। देशभक्ति सांस्कृतिक प्रोग्राम चला। सम्मान समारोह में शहीद परिवारों, 80 वर्ष के बुजुर्ग, पूर्व सैनिकों की वीडियो, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 18 बार के गोल्ड मेडलिस्ट राजेंद्र राज सिन्हा , सेना की कबड्डी टीम, योगा टीम, अस्पताल टीम, स्पर्श पेंशन टीम, अतिथिओ को एसोसिएशन का स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। स्पर्श पेंशन शिविर में मौके पर ही 42 केशो का निपटारा किया। साथ ही नीलम हॉस्पिटल की टीम द्वारा निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया और इन्होंने 170 पूर्व सैनिकों व मातृशक्ति का चेकअप किया और निशुल्क दवाई दी गई। हरियाणा शहीद स्मारक दुल्हन की तरह से सजा हुआ था।



जींद। विजय कैंडल मार्च निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

## छात्रों के समर्थन में कांग्रेस ने निकाला विजय कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में शनिवार शाम कांग्रेस पार्टी की ओर से जींद शहर में विजय मार्च निकाला गया। रानी तालाब स्थित डा. बीआर आंबेडकर चौक से निकाले गए इस मार्च का नेतृत्व कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए छात्रों की सभी मांगें तत्काल स्वीकार करने की मांग उठाई। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक सुभाष गंगोली, महावीर गुप्ता, जगबीर ढिगाना, पवन दूहन, प्रमोद सहवाग, जयभगवान गोयल, पवन गर्ग, रमेश सैनी, विजेंद्र ढाठरथ, दिनेश डाहोला, सतपाल सत्तू, अमनदीप बेलरखां, दीपक पिंडारा, लाजवंती, कमल चौहान, इशाक खान भट्टी, आदि नेता व पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों के आंदोलन की बड़ी जीत है। इसी जीत को लेकर और आंदोलनकारी छात्रों के समर्थन में कांग्रेस की ओर से विजय मार्च निकाला गया है।

#### बल प्रयोग गलत

*उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह शांतिपूर्वक धरना दे रहे राहुल गांधी को पुलिस द्वारा जबरन उठाया गया और उनके साथ बल प्रयोग किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को यह समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस पार्टी इस तरह की जोर जबरदस्ती और दमन की राजनीति से डरने वाली नही है। कांग्रेस युवाओं, विद्यार्थियों और आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक छात्रों की सभी जायज मांगों को स्वीकार नहीं किया जाताए तब तक पार्टी उनके संघर्ष में मजबूती से साथ खड़ी रहेगी।*

## राजकीय महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर किया शहीदों को याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के अदम्य साहस, वीरता, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण से अवगत करवाना तथा उनमें देशभक्ति की भावना को प्रबल करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध, भारतीय सैनिकों के शौर्य, बलिदान और राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा में उनके योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर राममेहर, हंसराज शर्मा, स्नेह लता एवं मनीषा ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 में भारतीय सैनिकों ने विषम भौगोलिक परिस्थितियों और अत्यंत कठिन चुनौतियों के बावजूद अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की और विजय प्राप्त की। वक्ताओं ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान का प्रतीक है। देश के वीर सैनिकों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे राष्ट्र सदैव श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण करता रहेगा। विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने का संदेश दिया गया।



राजौंद। राजकीय महाविद्यालय राजौंद में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## महाराजा दक्ष प्रजापति की शिक्षाएं सेवा का संदेश देती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रजापति धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने शिरकत की। उन्होंने प्रजापति समाज एवं 36 बिरादरी के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन-वंदन किया। पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति की शिक्षाएं समाज को एकजुटता, परिश्रम और सेवा का संदेश देती हैं। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के लोग उनकी विचारधारा और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार की सोच शिल्पकारों के हुनर को केवल गली-मोहल्लों तक सीमित रखने की नहीं बल्कि उसे वैश्विक पहचान दिलाने की है। इसी उद्देश्य से पारंपरिक कलाओं और हस्तशिल्प को हर स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज द्वारा मिट्टी से तैयार किए जाने वाले बर्तन और अन्य उत्पादों की देश-विदेश में लगातार मांग बढ़ रही है। सरकार समाज के कारीगरों को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। माटी कला बोर्ड का गठन भी प्रजापति समाज के पारंपरिक व्यवसाय को प्रोत्साहित करने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए शिल्पकारों के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर लोगों ने सम्मान किया गया।





कलायत। महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव में पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा को सम्मानित करते समाज के लोग व महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती महोत्सव में उपस्थित गणमान्य लोग

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रजापति धर्मशाला के प्रधान पाला राम, समाजसेवी राधेश्याम प्रजापति, विक्रम प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, वाइस चेयरमैन रिषीपाल सहारण, नपा प्रधान अंकित राणा, दला राम प्रजापति, रत्न लाल प्रजापति, धर्मपाल धीमान, वीरेंद्र राणा, नीटू राणा, पार्षद रेणु धानियां, आशीष राणा, सचिन राणा, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, महिपाल पंवार, जगदीश रायका, अनिल सिंगला, विनोद ज्येष्ठ, अमित वाल्मीकि, रविंद्र निर्मल बंटी, संजय धीमान, प्रवीण कंसल, राजेश बेदी सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जेसीआई एल्यूमिनी क्लब ने किया पौधरोपण



**जींद।** पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, भविष्य सजाएं कार्यक्रम के तहत जेसीआई एल्यूमिनी क्लब जींद रीजन द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिसमें 60-70 फलदार पौधे लगाए गए। क्लब के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि क्लब द्वारा यह तीसरा पौधा रोपण का कार्यक्रम है और संस्था द्वारा पूरे शहर में लगभग 500 पौधे लगाए जाएंगे एवं उन्हें संरक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख अभिषेक बंसल, अशोक खर्ब, अशोक जिंदल ने संयुक्त रूप से कहा कि हमें अपने जीवन में एक पौधा लगा कर और उसको संरक्षित करके अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना चाहिए। क्योंकि जब हमारे पूर्वज हमारे लिए भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं तो यह हमारा भी दायित्व बनता है कि हम भी अपने बच्चों का भविष्य का निर्माणए प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी के साथ करें। अनिल बंसल ने कहा कि पेड़, पौधे लगाना केवल एक अभियान नहीं बल्कि मानव जीवन और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम होता है, हमें अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जोडने का आह्वान करते हैं। प्रिंसिपल जीवन लता ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि स्कूली शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में प्राकृतिक प्रेम और जिम्मेवारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से क्लब द्वारा जो प्रयास किया गया वह बहुत ही सराहनीय है। संस्था के सदस्यों द्वारा तीन-तीन पीढियों ने मिल कर प्रकृति के प्रति अपने जिम्मेवारी का निर्वाह करते हुए पौधा रोपण किया यह सामाजिक कार्य अति उत्साह एवं ज्ञानवर्धक है। कार्यक्रम में चंद्रभान बंसल, अशोक जिंदल, प्रमोद कुमार, अभिषेक बंसल, आशीष सिंगला, राजेंद्र बिढान, अशोक खुराना, प्रवीण गौतम आदि सदस्यों में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### सरकार की ओर से मैसेजिंग एप्लिकेशन को ब्लॉक किए जाने की सूचना चिंताजनक



**कैथल।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कैथल की कोर कमेटी बैठक को सम्बोधित करते हुए एसकेएस राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह,राज्य उपप्रधान कपिल सिरोही व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने ओपन-सोर्स मैसेजिंग एप्लिकेशन बिटचेट को ब्लॉक किए जाने की खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त की। यदि सरकार ने वास्तव में ऐसा कदम उठाया है, तो उसे इसके संबंध में सार्वजनिक, पारदर्शी और विधिसम्मत आदेश जारी करना चाहिए। किसी भी प्रकार की गुप्त सेंसरशिप लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप नहीं मानी जा सकती। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस संबंध में सरकार की ओर से कोई सार्वजनिक अधिसूचना या स्पष्ट आदेश सामने नहीं आया। ऐसी स्थिति में यदि किसी प्लेटफॉर्म या रिपॉजिटरी तक पहुंच रोकी गई है, तो सरकार को उसका कानूनी आधार सार्वजनिक करना चाहिए। लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य है।

### प्रथम मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 27 जुलाई

**कैथल।** आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल ने प्रथम मेरिट सूची में चयनित सभी स्नातक (यू.जी.) अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि सोमवार, 27 जुलाई 2026 को प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि है। प्रथम मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे सोमवार को रामकृष्ण हॉल में पहुँचकर अपना फीस चालान जनरेट करवाएं, प्रवेश शुल्क जमा करें तथा प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएँ समय रहते पूर्ण करें। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कॉलेज का प्रवेश सहायता केंद्र पूरे दिन कार्यरत रहेगा, जहाँ उन्हें प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने बताया कि रामकृष्ण हॉल में अध्यापकों एवं प्रवेश सहायता दल की विशेष ड्यूटी लगाई गई है, जो विद्यार्थियों को चालान जनरेट करने, फीस जमा कराने, दस्तावेज सत्यापन तथा प्रवेश संबंधी अन्य सभी औपचारिकताओं में सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों से अपील की कि वे 27 जुलाई को ही अपना प्रवेश सुनिश्चित कर भविष्य की किसी भी असुविधा से बचें।द्वितीय मेरिट सूची जारी होने के उपरांत चयनित विद्यार्थियों के पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के पोर्टल के माध्यम से संदेश भेजा जाएगा। अतः सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर को सक्रिय रखें तथा विभागीय पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदेशों पर नियमित रूप से ध्यान दें।

### बड़नपुर के स्कूलों में ग्रांट लगवाने को उझाना रैली में आज सीएम को ज्ञापन देगी शिक्षा कमेटी

**नरवाना।** बड़नपुर में लगभग तीन वर्ष पहले हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की चार दीवारी ऊँची, पूरी बिल्डिंग, छत, सौर ऊर्जा पैनल लगवाने के लिए ग्रांट मंजूर की थी लेकिन अभी तक ग्रांट नहीं लग पाई है। इसको लेकर शहीद भगत सिंह शिक्षा कमेटी बड़नपुर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ज्ञापन सौंपेगी। प्रेस के माध्यम से जानकारी देते हुए शहीद भगत सिंह इंकलाब मंच हरियाणा इकाई बडनपुर के प्रधान व पूर्व सरपंच डॉ0 जोगिन्द्र श्योकंद बडनपुर ने बताया कि 27 जुलाई को उझाना गांव में मुख्यमंत्री का दौरा है, इस अवसर पर ग्रामीण मुख्यमंत्री से मिलकर स्कूलों के लिए पास हुई ग्रांट लगवाने बारे व अन्य समस्याओं जैसे स्कूल में अध्यापकों के कई गुट बने हुए हैं इसलिए गुटबाजी पर अंकुश लगाने, छुट्टी के बाद छात्रों में लड़ाई-झगड़े होते हैं इसलिए छात्रों में अनुशासन की कमी पर ध्यान देने, स्कूल के कमरों में जो लाईब्रेरी खोली गई है उसको हटाने के लिए आदेश दिए गए हैं।



जोगिंदर सिंह

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### दहेज प्रताड़ना में पति सहित पांच नामजद

**कैथल।** दहेज, मारपीट व मानसिक प्रताड़ना के आरोप के बाद विवाहिता की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने उसके पति समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि विवाह के बाद से ही महिला को बाइक और एक लाख रुपए की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। गर्भावस्था के दौरान भी उसके साथ मारपीट की गई और इलाज तक नहीं कराया। पुलिस को दी गई शिकायत में एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी 8 अक्टूबर 2024 को जींद जिले के निवासी शुभम से हुई थी। शादी में हैसियत से बढ़कर दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और शादी के बाद से ही बाइक व एक लाख रुपए की मांग की जाने लगी। महिला का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति शुभम, ससुर इंद्र, सास सुमन, देवर सौरभ और मौसी सास पूनम उसे ताने देते थे और मारपीट करते करते थे।

**कार्यक्रम** | पूंडरी में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती

# विधायक जांबा ने प्रजापति समाज को चौपाल के लिए जमीन देने व भवन बनवाने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी के पाई रोड स्थित प्रजापति समाज द्वारा रविवार को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हवन-यज्ञ, पुष्पांजलि और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता प्रजापति समाज के प्रधान कर्मवीर प्रजापति ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पूंडरी में प्रजापति समाज की अपनी चौपाल नहीं है। समाज की इस लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए नगर पालिका से भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी तथा वहां चौपाल का निर्माण कराया जाएगा। उनकी इस घोषणा का उपस्थित समाज के लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। विधायक ने कहा कि प्रजापति समाज सदैव सामाजिक समरसता, सेवा और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। महाराजा दक्ष प्रजापति भारतीय संस्कृति के महान पुरुषों में गिने जाते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वे ब्रह्मा जी के मानस पुत्र तथा प्रमुख प्रजापतियों में से एक थे। उन्होंने सृष्टि के विस्तार, सामाजिक व्यवस्था और लोककल्याण की भावना को मजबूत किया। उनका जीवन समाज को संगठन, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। प्रधान कर्मवीर प्रजापति ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति के आदर्शों को अपनाकर समाज शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।



पूंडरी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक सतपाल जांबा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रमेश प्रजापति, रामदिया प्रजापति, ओमप्रकाश, अशोक कुमार, सुरेश कुमार प्रजापति, सोनू, कृष्ण प्रजापति, बलकार सिंह, विधायक के सचिव डॉ. बलविंद्र मैहला, जगदीश क्वात्रा, बलबीर सैनी, कमल सैनी सहित प्रजापति समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।